
# श्री आदिनाथजी

# SHRI ADINATH JI





आ से आदिनाथ प्रभु मेरे,
साथ रहो हर पथ पर मेरे।
हमें न भूलो हम हैं बच्चे,
हम नादान पिता तुम अच्छे॥

A for O my ADINATH !
Be with me in every path
Never forget naughty son,
You are father super one.


| | | |
|---|---|---|
| चिह्न | - | बैल |
| रंग | - | स्वर्ण |
| ऊँचाई | - | 500 धनुष |
| आयु | - | 84 लाख पूर्व वर्ष |
| जन्म | - | अयोध्या |
| मोक्ष | - | कैलाशगिरि |

| | | |
|---|---|---|
| Symbol | - | Bullock |
| Colour | - | Gold |
| Hight | - | 500 Dhanus |
| Age | - | 84 Lack purv year |
| Birth | - | Ayodhya |
| Moksh | - | Kailashgiri |

वृषभनाथ पहले तीर्थङ्कर, स्वर्ण रंग की शुभकाया।
षट्कर्मों को पूर्व बताकर, मुनि बन शिवपथ दर्शाया॥
अष्टापद से मोक्ष पधारे, वृषभ चिह्न पहचान रही।
तुमको पूजैं तुमसा बनने, मांगे सुख की राह सही॥

# श्री अजितनाथजी

# SHRI AJITNATH JI





अजितनाथ है नाम तुम्हारा,
क्या कहना यश मान तुम्हारा ?
आप रहे हो श्रेष्ठ विजेता,
सीख आपसे मैं ना लेता॥

Sri AJITHNATH is your name!
What to say for your fame.
You are winner the best of all,
I am missi ng every ball


| | | |
|---|---|---|
| चिह्न | - | हाथी |
| रंग | - | स्वर्ण |
| ऊँचाई | - | 450 धनुष |
| आयु | - | 72 लाख पूर्व वर्ष |
| जन्म | - | अयोध्या |
| मोक्ष | - | सम्मेदशिखर |

| | | |
|---|---|---|
| Symbol | - | Elephant |
| Colour | - | Gold |
| Hight | - | 450 Dhanus |
| Age | - | 82 Lack purv year |
| Birth | - | Ayodhya |
| Moksh | - | Sammedshikhar |

अजितनाथ दूजै तीर्थङ्कर, स्वर्ण रंग की शुभकाया।
मोह शत्रु को जीत आपने, धर्म ध्वजा को फहराया॥
गये मोक्ष सम्मेदशिखर से, हाथी की पहचान रही।
तुमको पूजैं तुमसा बनने, मांगे सुख की राह सही॥

# श्री संभवनाथजी

# SHRI SAMBHAVANATH JI





हे संभवप्रभु मुझे बचाओ,
सच्चा रास्ता मुझे दिखाओ।
कैसे चलूँ रात है काली?
मुझे रोशनी दो निजवाली॥

Save me SAMBHAVNATH dada!
Show me true way O dada !
How to walk in Darkish night ?
give me your super light.


| | | |
|---|---|---|
| चिह्न | - | घोड़ा |
| रंग | - | स्वर्ण |
| ऊँचाई | - | 400 धनुष |
| आयु | - | 60 लाख पूर्व वर्ष |
| जन्म | - | श्रावस्ती |
| मोक्ष | - | सम्मेदशिखर |

| | | |
|---|---|---|
| Symbol | - | Horse |
| Colour | - | Gold |
| Hight | - | 400 Dhanus |
| Age | - | 60 Lack purv year |
| Birth | - | Shravasti |
| Moksh | - | Sammedshikhar |

संभव प्रभु तीजै तीर्थङ्कर, स्वर्ण रंग की शुभकाया।
रागद्वेष भव रोग नशाने, साम्य भाव को अपनाया॥
गये मोक्ष सम्मेदशिखर से, घोड़ा की पहचान रही।
तुमको पूजैं तुमसा बनने, मांगे सुख की राह सही॥

# श्री अभिनंदननाथजी

# SHRI ABHINANDANA NATH JI





करूँ प्रार्थना अभिनंदन जी,
वो मेरा सोने सा दिन ही।
आप कहाँ हो मुझे बताओ ?
कैसे आऊँ राह बताओ ?॥


That one is my golden day,
ABHINANDAN swami I pray.
Tell me O God; where you stay;
How to come you show me way.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चिह्न | - | बन्दर | Symbol | - | Monkey |
| रंग | - | स्वर्ण | Colour | - | Gold |
| ऊँचाई | - | 350 धनुष | Hight | - | 350 Dhanus |
| आयु | - | 50 लाख पूर्व वर्ष | Age | - | 50 Lack purv year |
| जन्म | - | अयोध्या | Birth | - | Ayodhya |
| मोक्ष | - | सम्मेदशिखर | Moksh | - | Sammedshikhar |

अभिनंदन जी चौथे जिनवर, स्वर्ण रंग की शुभकाया।
रत्नत्रय धर दोष तजे फिर, दया धर्म को बतलाया॥
गये मोक्ष सम्मेदशिखर से, बन्दर की पहचान रही।
तुमको पूजें तुमसा बनने, मांगे सुख की राह सही॥

# श्री सुमतिनाथजी

# SHRI SUMATINATH JI





आप विचारों में नित रहते,
यो जीऊँ मैं ज्यों तुम कहते।
सुमतिनाथ सद्बुद्धि हमें दो,
कभी दुबारा गिरूँ न मैं तो॥

You are in my every thought;
Let me lead life as you taught.
SUMTINATH give wisdom nice;
So that I fall never twice.

| | | |
|---|---|---|
| चिह्न | - | चकवा |
| रंग | - | स्वर्ण |
| ऊँचाई | - | 300 धनुष |
| आयु | - | 40 लाख पूर्व वर्ष |
| जन्म | - | अयोध्या |
| मोक्ष | - | सम्मेदशिखर |

| | | |
|---|---|---|
| Symbol | - | Curlw |
| Colour | - | Gold |
| Hight | - | 300 Dhanus |
| Age | - | 40 Lack purv year |
| Birth | - | Ayodhya |
| Moksh | - | Sammedshikhar |

सुमतिनाथ पञ्चम तीर्थङ्कर, स्वर्ण रंग की शुभकाया।
सुमति बोध बतलाकर प्रभु ने, मोक्षमार्ग को दिखलाया॥
गये मोक्ष सम्मेदशिखर से, चकवा की पहचान रही।
तुमको पूजैं तुमसा बनने, मांगे सुख की राह सही॥

# श्री पद्मप्रभजी

# SHRI PADMAPRABHA JI





कहूँ आपको उच्च पिताजी,
पद्मप्रभ मुख लाल गुलाबी।
आप भूल सकते प्रभु हमको,
कैसे भूलेंगे हम तुमको॥

I like you most supreme dad;
Your face is rosy red.
PADMPRABH swami so; high.
You can forget how can I ?

| | | |
|---|---|---|
| चिह्न | - | लाल कमल |
| रंग | - | लाल |
| ऊँचाई | - | 250 धनुष |
| आयु | - | 30 लाख पूर्व वर्ष |
| जन्म | - | कौशाम्बी |
| मोक्ष | - | सम्मेदशिखर |

| | | |
|---|---|---|
| Symbol | - | Red Lotus |
| Colour | - | Red |
| Hight | - | 250 Dhanus |
| Age | - | 30 Lack purv year |
| Birth | - | Kaushambi |
| Moksh | - | Sammedshikhar |

पद्मप्रभू छठवें तीर्थङ्कर, लाल वर्ण की शुभकाया।
भव भोगों को तजकर तुमने, ज्ञान ध्यान तप अपनाया॥
गये मोक्ष सम्मेदशिखर से, लालकमल पहचान रही।
तुमको पूजैं तुमसा बनने, मांगे सुख की राह सही॥

# श्री सुपार्श्वनाथजी

# SHRI SUPARASVANATH JI





आप प्रकाश, मैं मोम बाती,
आँख रहा मैं आप हो ज्योति।
हृदय रहा मैं धड़कन हो तुम,
सुपार्श्वप्रभु अब दूर नहीं तुम॥


I am candle Your are light ;
I am eye and you are sight.
I am heart and beat you are,
SUPARSHWANATH not you are far.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चिह्न | - | स्वस्तिक | Symbol | - | Swastic |
| रंग | - | नीला | Colour | - | Blue |
| ऊँचाई | - | 200 धनुष | Hight | - | 200 Dhanus |
| आयु | - | 20 लाख पूर्व वर्ष | Age | - | 20 Lack purv year |
| जन्म | - | वाराणसी | Birth | - | Varanasi |
| मोक्ष | - | सम्मेदशिखर | Moksh | - | Sammedshikhar |

सुपार्श्व प्रभु सप्तम तीर्थङ्कर , नील वर्ण की शुभकाया।
कर्मबंध सब हरने तुमने, संयम बंधन अपनाया॥
गये मोक्ष सम्मेदशिखर से, स्वस्तिक की पहचान रही।
तुमको पूजैं तुमसा बनने, मांगे सुख की राह सही॥

## श्री चन्द्रप्रभजी

## SHRI CHANDRAPRABHA JI





अरे चमकते चन्दा आओ,
शीघ्र चंद्रप्रभु मम लख जाओ।
सुस्त मंद क्यों तुम हो दिखते ?
इनसे भव सागर तिर सकते॥

Come Come Come shining moon!
see my CHANDPRABHJI soon
Why you look so dull and pale ?
Sea of sorrow you can sail.


| | | |
|---|---|---|
| चिह्न | - | अर्द्धचंद्र |
| रंग | - | श्वेत |
| ऊँचाई | - | 150 धनुष |
| आयु | - | 10 लाख पूर्व वर्ष |
| जन्म | - | चंद्रपुर |
| मोक्ष | - | सम्मेदशिखर |

| | | |
|---|---|---|
| Symbol | - | Crescent |
| Colour | - | White |
| Hight | - | 150 Dhanus |
| Age | - | 10 Lack purv year |
| Birth | - | Chandrpur |
| Moksh | - | Sammedshikhar |

चंद्रप्रभ अष्टम तीर्थङ्कर, श्वेत वर्ण की शुभकाया।
आतम दाग जलाकर तुमने, शुद्धातम को अपनाया॥
गये मोक्ष सम्मेदशिखर से, अर्द्धचंद्र पहचान रही।
तुमको पूजैं तुमसा बनने, मांगे सुख की राह सही॥

# श्री पुष्पदंतजी

# SHRI PUSPADANTA JI





मुझे अंक नौ का है भाता,
पुष्पदन्त तुम मेरे नाथा।
मेरी गलती आप भुलाओ,
हल्का मेरा भार कराओ॥

I like lovely number nine.
PUSPADANTA swami is mine.
Forget Oh God ! my mistake.
My burden you have to take.

| | | |
|---|---|---|
| चिह्न | - | मगर |
| रंग | - | श्वेत |
| ऊँचाई | - | 100 धनुष |
| आयु | - | 2 लाख पूर्व वर्ष |
| जन्म | - | काकंदीपुर |
| मोक्ष | - | सम्मेदशिखर |

| | | |
|---|---|---|
| **Symbol** | - | **Crocodile** |
| **Colour** | - | **White** |
| **Hight** | - | **100 Dhanus** |
| **Age** | - | **2 Lack purv year** |
| **Birth** | - | **Kakandipur** |
| **Moksh** | - | **Sammedshikhar** |

पुष्पदन्त नवमें तीर्थङ्कर, श्वेत वर्ण की शुभकाया।
उभयलोक वैभव तज तुमने, मोक्ष महल वैभव पाया॥
गये मोक्ष सम्मेदशिखर से, मगर चिह्न पहचान रही।
तुमको पूजैं तुमसा बनने, मांगे सुख की राह सही॥

# श्री शीतलनाथजी

# SHRI SHITALNATH JI





जलती दुनिया बहुत गरम है,
कहाँ शीत पानी बर्तन है ?
तप्त आग से मुझे बचाओ,
शीतलनाथ आप कहलाओ ।।

Burning world is too much hot.
where to get cold water pot.
push me out of burning flame.
SHEETALNATH you same as name.

| | | |
|---|---|---|
| चिह्न | - | कल्पवृक्ष |
| रंग | - | स्वर्ण |
| ऊँचाई | - | 90 धनुष |
| आयु | - | 1 लाख पूर्व वर्ष |
| जन्म | - | भद्दिलपुर |
| मोक्ष | - | सम्मेदशिखर |

| | | |
|---|---|---|
| Symbol | - | Wish yielding tree |
| Colour | - | Gold |
| Hight | - | 90 Dhanus |
| Age | - | 1 Lack purv year |
| Birth | - | Bhaddilpur |
| Moksh | - | Sammedshikhar |

शीतल प्रभु दसवें तीर्थङ्कर, स्वर्ण रंग की शुभकाया।
भव संताप नाशकर तुमने, शीतल आतम सुख पाया ।।
गये मोक्ष सम्मेदशिखर से, कल्पवृक्ष पहचान रही।
तुमको पूजैं तुमसा बनने, मांगे सुख की राह सही ।।

# श्री श्रेयांसनाथजी

# SHRI SHRIYANSNATH JI





रात अंधेरी लम्बी यात्रा,
गीत श्रेयांशप्रभु के गाता।
मीठी यात्रा गाना करता,
मोक्ष सीट आरक्षित करता॥

Night is dark and journey long.
SHREYANSHNATH I sing your name.
Singing makes my journey sweet,
Reserve me one mukti seat.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चिह्न | - | गैंडा | Symbol | - | Rhinoceros |
| रंग | - | स्वर्ण | Colour | - | Gold |
| ऊँचाई | - | 80 धनुष | Hight | - | 80 Dhanus |
| आयु | - | 84 लाख वर्ष | Age | - | 84 Lack year |
| जन्म | - | सिंहपुर | Birth | - | Shinghpur |
| मोक्ष | - | सम्मेदशिखर | Moksh | - | Sammedshikhar |

प्रभु श्रेयांसनाथ ग्यारहवें तीर्थङ्कर, स्वर्ण रंग की शुभकाया।
जग के सभी पदों को तजकर, श्रेयश पद तुमने पाया॥
गये मोक्ष सम्मेदशिखर से, गेंडा की पहचान रही।
तुमको पूजैं तुमसा बनने, मांगे सुख की राह सही॥

# श्री वासुपूज्यजी

# SHRI VASUPOOJYA JI





वासुपूज्य प्रभु दया के सिन्धु,
भक्त आपका मैं इक बिन्दु।
मुक्ति द्वार पर मेरे ताला,
चाबी दो प्रभु खोलूँ ताला॥

You are ocean of mercy !
Give me lovely master key.
Can you see on my door,
VASUPUJYA swami I adore.


| | | |
|---|---|---|
| चिह्न | - | भैंसा |
| रंग | - | लाल |
| ऊँचाई | - | 70 धनुष |
| आयु | - | 72 लाख वर्ष |
| जन्म | - | चम्पापुर |
| मोक्ष | - | चम्पापुर |

| | | |
|---|---|---|
| Symbol | - | Buffalo |
| Colour | - | Red |
| Hight | - | 70 Dhanus |
| Age | - | 72 Lack year |
| Birth | - | Champapur |
| Moksh | - | Champapur |

वासुपूज्य बारहवें जिनवर, लाल वर्ण की शुभकाया।
बाल ब्रह्मचारी प्रभु तुमने, वीतराग पद अपनाया॥
चम्पापुर से मोक्ष पधारे, भैंसा की पहचान रही।
तुमको पूजें तुमसा बनने, मांगे सुख की राह सही॥

# श्री विमलनाथजी

# SHRI VIMALNATH JI





बहता पानी निर्मल जैसे,
विमलनाथ मम हिय हो ऐसे।
गंदा मम मन साफ बनाओ,
सभी धूल को आप हटाओ॥

Flowing water I have seen.
Make my heart so pure and clean.
VIMALNATHJI wash my dirty mind.
Remove dust of every kind.


| | | |
|---|---|---|
| चिह्न | - | शूकर |
| रंग | - | स्वर्ण |
| ऊँचाई | - | 60 धनुष |
| आयु | - | 60 लाख वर्ष |
| जन्म | - | कम्पिल जी |
| मोक्ष | - | सम्मेदशिखर |

| | | |
|---|---|---|
| Symbol | - | Pig |
| Colour | - | Gold |
| Hight | - | 60 Dhanus |
| Age | - | 60 Lack year |
| Birth | - | Kampil ji |
| Moksh | - | Sammedshikhar |

विमलनाथ तेरहवें जिनवर, स्वर्ण रंग की शुभकाया।
कर्म मलों को नाश आपने, विमल अचल शिव पद पाया॥
गये मोक्ष सम्मेदशिखर से, शूकर की पहचान रही।
तुमको पूजें तुमसा बनने, मांगे सुख की राह सही॥

# श्री अनंतनाथजी

# SHRI ANANTNATH JI





बहुत सितारे नभ में रहते,
उनकी गिनती ना कर सकते।
मैं सागर को नापूँ कैसे,
अनंतप्रभु का वैभव ऐसे॥

So many stars are in the sky,
Counting ever I can't try.
Ocean I can not measure
Such is ANANTNATH'S treasure.


| | | |
|---|---|---|
| चिह्न | - | सेही |
| रंग | - | स्वर्ण |
| ऊँचाई | - | 50 धनुष |
| आयु | - | 30 लाख वर्ष |
| जन्म | - | अयोध्या |
| मोक्ष | - | सम्मेदशिखर |

| | | |
|---|---|---|
| Symbol | - | Porcupine |
| Colour | - | Gold |
| Hight | - | 50 Dhanus |
| Age | - | 30 Lack year |
| Birth | - | Ayodhya |
| Moksh | - | Sammedshikhar |

प्रभु अनंत चौदहवें जिनवर, स्वर्ण रंग की शुभकाया।
अनंत भवसागर से तिरकर, अनंत सुख तुमने पाया॥
गये मोक्ष सम्मेदशिखर से, सेही की पहचान रही।
तुमको पूजें तुमसा बनने, मांगे सुख की राह सही॥

# श्री धर्मनाथजी

# SHRI DHARAMNATH JI





धर्म प्रचारक आप रहे हो,
बलशाली भी आप रहे हो।
धर्मनाथ मम कर्म नशाओ,
मेरे मन मंदिर में आओ॥

DHARMNATH JI my karma,
You are preacher of dharma,
Come on my lord Almighty,
Waiting for you eagerly.

| | | |
|---|---|---|
| चिह्न | - | वज्र |
| रंग | - | स्वर्ण |
| ऊँचाई | - | 45 धनुष |
| आयु | - | 10 लाख वर्ष |
| जन्म | - | रत्नपुरी |
| मोक्ष | - | सम्मेदशिखर |

| | | |
|---|---|---|
| Symbol | - | Thunderbolt |
| Colour | - | Gold |
| Hight | - | 45 Dhanus |
| Age | - | 10 Lack year |
| Birth | - | Ratnapuri |
| Moksh | - | Sammedshikhar |

धर्मनाथ पन्द्रहवें जिनवर, स्वर्ण रंग की शुभकाया।
नर्म गर्म सब भर्म हटाकर, शर्म थर्म निज का पाया॥
गये मोक्ष सम्मेदशिखर से, वज्रदण्ड पहचान रही।
तुमको पूजैं तुमसा बनने, मांगे सुख की राह सही॥

# श्री शान्तिनाथजी

# SHRI SHANTINATH JI





ऐरादेवी के सुत प्यारे,
दया शांति दो हमें सहारे।
इस जग में कुछ साथ न मेरे,
शांतिनाथ प्रभु बस तुम मेरे॥

Aairadevi's lovely son,
Give me peace and compassion.
In this world my own is none,
SHAANTINATH is only one.

| | | |
|---|---|---|
| चिह्न | - | हिरण |
| रंग | - | स्वर्ण |
| ऊँचाई | - | 40 धनुष |
| आयु | - | 1 लाख वर्ष |
| जन्म | - | हस्तिनापुर |
| मोक्ष | - | सम्मेदशिखर |

| | | |
|---|---|---|
| Symbol | - | Deer |
| Colour | - | Gold |
| Hight | - | 40 Dhanus |
| Age | - | 1 Lack year |
| Birth | - | Hastinapur |
| Moksh | - | Sammedshikhar |

शान्तिनाथ सोलहवें जिनवर, स्वर्ण रंग की शुभकाया।
छोड़ अशांति भव दुःख की सब, परम शान्त आतम पाया॥
गये मोक्ष सम्मेदशिखर से, हिरण चिह्न पहचान रही।
तुमको पूजें तुमसा बनने, मांगे सुख की राह सही॥

## श्री कुन्थुनाथजी

## SHRI KUNTHUNATH JI





मैं मासूम रहा इक बच्चा,
कुन्थुनाथ का द्वारा सच्चा।
मैं हूँ बूँद आप हैं सागर,
मैं हूँ तलपर आप शिखर पर॥

I am a child innocent,
KUNTHUNATH JI excellent.
You are Ocean I am drop,
I at bottom you at top.


| | | |
|---|---|---|
| चिह्न | - | बकरा |
| रंग | - | स्वर्ण |
| ऊँचाई | - | 35 धनुष |
| आयु | - | 95 हजार वर्ष |
| जन्म | - | हस्तिनापुर |
| मोक्ष | - | सम्मेदशिखर |


| | | |
|---|---|---|
| Symbol | - | He-goat |
| Colour | - | Gold |
| Hight | - | 35 Dhanus |
| Age | - | 95 Thousand year |
| Birth | - | Hastinapur |
| Moksh | - | Sammedshikhar |

कुन्थुनाथ सत्तरहवें प्रभु, स्वर्ण रंग की शुभकाया।
सब जीवों पर करुणा धरकर, दया धर्म अपनाया॥
गये मोक्ष सम्मेदशिखर से, बकरा की पहचान रही।
तुमको पूजें तुमसा बनने, मांगे सुख की राह सही॥

# श्री अरनाथजी

# SHRI ARANATH JI





मैं पक्षी पिंजड़े में रहता,
अपनी छाया देख न सकता।
मेरी इच्छा पूर्ण कराओ,
अरनाथ भव छोर दिलाओ॥

I am carrying bird in cage,
I can not, see my image.
SHRI ARANATH my ambition,
I get final liberation.


| | | |
|---|---|---|
| चिह्न | - | मछली |
| रंग | - | स्वर्ण |
| ऊँचाई | - | 30 धनुष |
| आयु | - | 84 हजार वर्ष |
| जन्म | - | हस्तिनापुर |
| मोक्ष | - | सम्मेदशिखर |

| | | |
|---|---|---|
| Symbol | - | Fish |
| Colour | - | Gold |
| Hight | - | 30 Dhanus |
| Age | - | 84 Thousand year |
| Birth | - | Hastinapur |
| Moksh | - | Sammedshikhar |

अरनाथ अठारहवें प्रभु, स्वर्ण रंग की शुभकाया।
जगत भ्रमण को ध्यान चक्र से, नाश आपने शिव ध्याया॥
गये मोक्ष सम्मेदशिखर से, मछली की पहचान रही।
तुमको पूजैं तुमसा बनने, मांगे सुख की राह सही॥

# श्री मल्लिनाथजी

# SHRI MALLINATH JI





जन्म मरण भव चक्र रुकाओ,
मल्लिनाथ अतिशय दिखलाओ।
साथ आपका मैं नित पाऊँ,
तज कर यह तन मैं शिव पाऊँ॥

Stop my birth and death cycle,
Show MALLINATH JI miracle.
Let me Always stay with you,
leave this old home to new.


| | | |
|---|---|---|
| चिह्न | - | कलश |
| रंग | - | स्वर्ण |
| ऊँचाई | - | 25 धनुष |
| आयु | - | 55 हजार वर्ष |
| जन्म | - | मिथिलापुरी |
| मोक्ष | - | सम्मेदशिखर |

| | | |
|---|---|---|
| Symbol | - | Water Pot |
| Colour | - | Gold |
| Hight | - | 25 Dhanus |
| Age | - | 55 Thousand year |
| Birth | - | Mithilapuri |
| Moksh | - | Sammedshikhar |

मल्लिनाथ उन्नीसवें जिनवर, स्वर्ण रंग की शुभकाया।
बाल ब्रह्मचारी प्रभु तुमसे, मोह मल्ल रिपु भय खाया॥
गये मोक्ष सम्मेदशिखर से, कलश चिह्न पहचान रही।
तुमको पूजें तुमसा बनने, मांगे सुख की राह सही॥

# श्री मुनिसुव्रतनाथजी

# SHRI MUNISUVRATANATH JI





रेल दौड़ती नित छुक छुक छुक,
दर्द भरा जग में दुख दुख दुख।
खोलो मुक्ति का दरवाजा,
हे मुनिसुव्रत प्रभु जिनराजा॥


Chhuk-Chhuk-Chhuk running train,
World is full with sorrow pain.
Open for me mukti gate,
Shri MUNISUVRAT swami great.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चिह्न | - | कछुआ | Symbol | - | Tortoise |
| रंग | - | श्याम | Colour | - | Black |
| ऊँचाई | - | 20 धनुष | Hight | - | 20 Dhanus |
| आयु | - | 30 हजार वर्ष | Age | - | 30 Thousand year |
| जन्म | - | राजगृही | Birth | - | Rajgrahi |
| मोक्ष | - | सम्मेदशिखर | Moksh | - | Sammedshikhar |

नाथ बीसवें मुनिसुव्रत प्रभु, श्याम वर्ण की शुभकाया।
कुव्रत तजकर सुव्रत पालो, मोक्षमार्ग यह बतलाया॥
गये मोक्ष सम्मेदशिखर से, कछुआ की पहचान रही।
तुमको पूजैं तुमसा बनने, मांगे सुख की राह सही॥

# श्री नमिनाथजी

# SHRI NAMINATH JI





भव वैभव तन स्वस्थ न चाहूँ,
नमिनाथ मैं नाम ना चाहूँ।
श्रद्धा मेरी कम ना होवे,
नाम आपका लब पर होवे॥

I don't prey for worldly wealth,
Not for name or body health.
NAMINATH never loose faith,
Name on lips till final breath.


| | | |
|---|---|---|
| डचह्न | - | नीलकमल |
| रंग | - | स्वर्ण |
| ऊँचाई | - | 20 धनुष |
| आयु | - | 10 हजार वर्ष |
| जन्म | - | मिथिलापुरी |
| मोक्ष | - | सम्मेदशिखर |

| | | |
|---|---|---|
| Symbol | - | Blue Lotus |
| Colour | - | Gold |
| Hight | - | 20 Dhanus |
| Age | - | 10 Thousand year |
| Birth | - | Mithilapuri |
| Moksh | - | Sammedshikhar |

नमिनाथ इक्कीसवें जिनवर, स्वर्ण रंग की शुभकाया।
मुक्ति रमा को वरने तुमने, अनेकान्त पथ अपनाया॥
गये मोक्ष सम्मेदशिखर से, नील कमल पहचान रही।
तुमको पूजैं तुमसा बनने, मांगे सुख की राह सही॥

## श्री नेमिनाथजी

## SHRI NEMINATH JI





मेरे हिय में प्रभु तुम रहते,
खास बात इसको हम कहते।
नेमिनाथ का मुख चमकीला,
दो आशीष हरो भव लीला ॥

In my heart you own a place,
That is like a special case.
I like NEMINATH'S glowing face,
Bless me God with supreme grace.

| | | |
|---|---|---|
| चिह्न | - | शंख |
| रंग | - | श्याम |
| ऊँचाई | - | 10 धनुष |
| आयु | - | 1 हजार वर्ष |
| जन्म | - | शौरीपुर |
| मोक्ष | - | गिरनार |

| | | |
|---|---|---|
| Symbol | - | Conch Shell |
| Colour | - | Black |
| Hight | - | 10 Dhanus |
| Age | - | 1 Thousand year |
| Birth | - | Shoripur |
| Moksh | - | Girnar |

नेमिनाथ बाइसवें जिनवर, श्याम वर्ण की शुभकाया।
बाल ब्रह्मचारी प्रभु तुमने, धर्म अहिंसा अपनाया॥
गये मोक्ष गिरनारगिरि से, शंख चिह्न पहचान रही।
तुमको पूजैं तुमसा बनने, मांगे सुख की राह सही॥

# श्री पार्श्वनाथजी

# SHRI PARSAVNATH JI





कमठ वार से तुम ना हारे,
किया क्षमा आशीष दिया रे।
धैर्य सहारा पार्श्वनाथ दो,
जीत सकें हम बाधाओं को॥

Kamtha harmed you not the less,
Blessed you him give forgiveness.
Oh PARSHWANATH give me patience,
Can not move me distrubance.

| | | |
|---|---|---|
| चिह्न | - | सर्प |
| रंग | - | नील |
| ऊँचाई | - | 9 हाथ |
| आयु | - | 100 वर्ष |
| जन्म | - | वाराणसी |
| मोक्ष | - | सम्मेदशिखर |

| | | |
|---|---|---|
| Symbol | - | Snake |
| Colour | - | Blue |
| Hight | - | 9 Hand |
| Age | - | 100 Year |
| Birth | - | Varanasi |
| Moksh | - | Sammedshikhar |

पार्श्वनाथ तेइसवें जिनवर, नील वर्ण की शुभकाया।
बाल ब्रह्मचारी प्रभु तुमने, समता धर शिव को ध्याया॥
गये मोक्ष सम्मेदशिखर से, सर्प सिह्न पहचान रही।
तुमको पूजें तुमसा बनने, मांगे सुख की राह सही॥

# श्री महावीरस्वामीजी

# SHRI MAHAVEER SWAMI JI





राज्य महल वैभव सब पाया,
छोड़ दिया वह ना अपनाया।
लिये बहादुर महावीर जो,
मुझको भी वह थोड़ा दे दो॥

Kingdom palace ornament
But you had no attachment
Left you Oh MAHAVEER brave
Give me little what you have.

| | | |
|---|---|---|
| चिह्न | - | सिंह |
| रंग | - | स्वर्ण |
| ऊँचाई | - | 7 हाथ |
| आयु | - | 72 वर्ष |
| जन्म | - | कुण्डलपुर |
| मोक्ष | - | पावापुर |

| | | |
|---|---|---|
| Symbol | - | Lion |
| Colour | - | Gold |
| Hight | - | 7 Hand |
| Age | - | 72 Year |
| Birth | - | Kundalpur |
| Moksh | - | Pawapur |

महावीर चौबिसवें जिनवर,स्वर्ण रंग की शुभकाया।
बाल ब्रह्मचारी प्रभु तुमने, छोड़ी जग की सब माया॥
पावापुर से मोक्ष पधारे, शेर चिह्न पहचान रही।
तुमको पूजैं तुमसा बनने, मांगे सुख की राह सही॥